दिवंगत लीला कुमारी ने विषम परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से नहीं किया समझौता: विधायक

पूर्व प्रधानाध्यापिका के योगदानों से प्रेरणा लेनेकी जरूरत: सभापति

टिकारी (आससे)। ऐतिहासिक नगर टिकारी के रिकाबगंज स्थित पी एम श्री प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय की संस्थापिका सह पूर्व प्रथम प्रधानाध्यापिका, एसएनएस कालेज टिकारी गणित विभाग के पूर्व विभागध्यक्ष प्रो डा बृज बिहारी प्रसादकी धर्मपत्नी स्व लीला कुमारीकी आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय के सभागारमे उनके परिवार की ओर से स्मृति दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रमकी शुरुआत स्व लीला कुमारी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान एवं ओजस राहुल द्वारा स्वागत सम्बोधन एवं प्रस्तावना से किया गया!

मौके पर अपने उदगारों को व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक अजय कुमार दांगी ने स्व लीला कुमारीके कार्यकालकी सराहना करते हुए कहा कि उस दौर मे बच्चीयों के लिए विद्यालय को स्थापित करना एक कठिन चुनौती थी! लेकिन विषम परिस्थितियों मे उस चुनौती कर अपने सिद्धांतोंसे कोई समझौता नहीं की! उनकी दृढ इच्छाशक्ति और अथक



प्रयास से ऐतिहासिक नगर टिकारी का यह विद्यालय शैक्षणिक जगत में पी एम श्री कन्या उच्च विद्यालय के रूप मे पल्लवीत पुष्पत हो छात्राओंको गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदानकर रहा। विधायक ने विद्यालय के विकास हेतु हर संभव मदद करनेका भरोसा दिलाया!

वहीं नगर परिषद टिकारी के सभापति मो अजहर ईमाम ने कहा कि संस्थापिका सह पूर्व प्रधानाध्यापिका स्व लीला कुमारी के योगदानों को इतनी आसानी से भुलाया नहीं जा सकता! आज इस विद्यालय की छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र मे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहीं। इस दौर मे उनके योगदानों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। समारोह को विद्यालयके पूर्व प्रभारी प्राचार्य डा रणजीत कुमार सिंह, प्राचार्य सुरेश यादव, प्लस टू ठाकुर मुनेश्वर नाथ सिंह उच्च विद्यालय के सेवा निवृत प्राचार्य अनिल कुमार द्विवेदी, परवीन कुमार ऊर्फ मुन्ना जी, बिनोद कुमार भारती, सेवा निवृत शिक्षक जगत राम, राजद पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति सदस्य राम बाबू यादव, सहित कई प्रबुद्ध जनों ने सम्बोधित किया। बिजय कुमार पाण्डेय, संजय अथर्व, पूर्व पार्षद मुकेश कुमार, बिटू कुमार, जयश्री प्रसाद, मिथिलेश पासवान, शिक्षक मिथिलेश प्रसाद, राजकुमार सिंह सहित कई शिक्षाविद एवं छात्राएं समारोह मे उपस्थित थीं! कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मो अली एवं राजेश जैन ने संयुक्त रूप से किया! अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के आयोजक अमितेश राहुल ने किया। सम्मानित अतिथियों को माला पहना अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ प्रदान कर आयोजन कर्ता की ओर से सम्मानित किया गया! अंत मे मैट्रिक एवं इंटर कला एवं संगीत मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाली छात्रा नीतू कुमारी, काजल, सुप्रिया, एवं रितु कुमारी को प्रशस्ति पत्र एवं 5100 रूपयेकी प्रोत्साहन राशि प्रदानकर सम्मानित किया गया!

ज़ोन-सी कबड्डी के रोमांचक फाइनल में औरंगाबाद बना चौंपियन, गया रहा उपविजेता

गयाजी। बिहार राज्य कबढी संघ के तत्वावधान एवं गया जिला कबढी संघ के संयोजन में हंसराज पब्लिक स्कूल, गया में आयोजित ज़ोन-सी महिला कबढी प्रतियोगिताका शानदार समापन हुआ। खिताबी मुकाबले में औरंगाबाद की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मेजबान गया को 40-20 के बड़े अंतर से पराजित कर विजेता ट्राफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबला: खिताबी भिड़ंत में औरंगाबाद की टीम शुरुआत से ही आक्रामक दिखी। उत्कृष्ट रेडिंग और अभेद्य डिफेंस के दम पर औरंगाबाद ने लगातार बढ़त बनाए रखी और 40 अंक जुटाए। उपविजेता गया: मेजबान गया की टीम ने मैच में अंत तक संघर्ष जारी रखा, लेकिन औरंगाबादके मजबूत खेलके आगे टीम 20 अंकोंपर ही सिमट कर उपविजेता (रनर-अप) रही। टूर्नामेंट में मगध क्षेत्र की पांच प्रमुख टीमों-गया, औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद और अरवल ने पूरे दमखम के साथ भाग लिया। समापन समारोह के दौरान संघ के पदाधिकारियों और अतिथियों द्वारा विजेता टीम औरंगाबाद और उपविजेता टीम गया को चमचमाती ट्राफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विधि व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेसजनों ने किया प्रदर्शन

गयाजी। गयाजी सहित सम्पूर्ण राज्य में गिरती हुई विधि- व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के नेताआ.



', कार्यकर्ताओं ने गयाजी समाहरणालय के समक्ष अम्बेडकर पार्क के पास विरोध प्रदर्शन किया। गया जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम से पार्टीके नेता, कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए निकले जो राजेंद्र आश्रम, शहिद भगत सिंह चौक, जिला स्कूल होते गया समाहरणालय के समक्ष अम्बेडकर पार्क के पास पहुंचकर ज़बर्दस्त प्रदर्शन किया।

कार्यक्रमकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुंना ने किया। कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिठू, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, राम प्रमोद सिंह, प्रदीप शर्मा, नवाब अली,अजय सिंह,रणजीत सिंह,समी खान,ओंकार शक्ति, मदीना खातून,बीरेन्द्र भास्कर,अर्जुन प्रसाद, शिवनाथ प्रसाद,चंदन महतो, मोहमद जमील,बीगन खान आदि ने कहा कि सम्पूर्ण बिहार में नित्य दिन हत्या, चोरी, डकैती, अपहरण, महिलाओं से छेड़छाड़, बलात्कार आदिकी घटनाएं आम बनी हुई है। राज्य में अपराधी पूरी तरह बेलगाम होकर बिना पुलिस- प्रशासन के डर के अपराध कर रहे हैं।

चंदौती थाना पुलिस की त्वरित काररवाई से मिली सफलता

गयाजी। चंदौती थाना क्षेत्रमें किशोरीके लापता होनेके मामलेमें पुलिसने कार्रवाई करते हुए एक आरोपीको गिरफ्तार किया है। 21 फरवरी 2024 को वादीने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया था कि उनकी पुत्री कुजापी स्थित स्कूल गई थी, लेकिन काफी देर बीत जानेके बाद भी घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीनकी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इस संबंधमें चंदौती थाना कांड संख्या 66/24, दिनांक 21 फरवरी 2024 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। मामले में त्वरित कार्रवाई और सूचना संकलनके आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि कुमार, पिता कैल यादव, निवासी गंगापुर, थाना चाकंद, जिला गया के रूप में हुई है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने पूर्व में भी त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता को सकुशल बरामद किया था।

विशाल आईटीआई में दिवंगत बादल सिन्हा की स्मृति में सम्मान समारोह आज

बोधगया। गया-डोभी रोड स्थित खरांटी डीएवी कैंट स्कूल से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित विशाल प्राइवेट आईटीआई, बोधगया में आगामी शनिवार को गया के प्रसिद्ध व्यवसायी, उद्योगपति व समाजसेवी स्वर्गीय



बादल सिन्हा की पावन स्मृतिमें एक भव्य सम्मान समारोहका आयोजन किया जाएगा ! इस विशेष कार्यक्रम में स्वर्गीय सिन्हा के सुपुत्र, गया जिला के जनकपुर मोहल्ला वार्ड संख्या 50, पुलिस कालोनी निवासी युवा समाजसेवी सह विशाल प्राइवेट आईटीआई ग्रुप्स के ट्रस्टी आकाश प्रियदर्शी उर्फ एपी द्वारा संस्थान के प्रिंसिपल नागेंद्र कुमार सिंह, कंप्यूटर आपरेटर पंकज कुमार तथा राजन सिन्हा को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएग। कालेज की एडमिनिस्ट्रेशन हेड सह लाइब्रेरी इंचार्ज अलका कुमारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय बादल सिन्हा का समाज और शिक्षा के क्षेत्रमें अमूल्य योगदान रहा है, तथा उनकी याद में आयोजित यह समारोह संस्थान के समर्पित कर्मियों के योगदान को सराहने और उनका उत्साहवर्धन करने का एक सराहनीय प्रयास है।

मगध प्रमंडलीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता, क्रिकेट में गया बना चैंपियन

गया जी। मगध प्रमंडलीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में गया जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया। अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में गया की टीमने नवादाको 10 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं, बैडमिंटन बालक वर्गमें गया ने अंडर-17 एवं अंडर-19 दोनों आयु वर्गों में विज. ेता बनने का गौरव प्राप्त किया। मगध प्रमंडलीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में गया ने नवादा को 10 विकेट से हराया। फाइनल मुक. ाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए नवादा की टीमने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेटके नुकसान पर 70 रन बनाए। नवादा की ओर से ऋषु राजने 20 रन तथा अभिनव सुधांशु ने 33 रनों की पारी खेली।

गया की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकुश ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि अंतरिक्ष और हर्ष ने 1-1 विकेट लिया। 71 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया की टीमने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान प्रकाश ने नाबाद 38 रन बनाए, जबकि अंकुश ने 24 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस प्रकार गया ने फाइनल मुकाबला



10 विकेट से जीतकर चौंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं मगध प्रमंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में गया ने दो आयु वर्गों में हासिल किया प्रथम स्थान। बैडमिंटन बालक वर्ग में भी गया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम निम्नलिखित हैं। अंडर-14 बालक वर्ग -विजेता: औरंगाबाद। पीयूष कुमार, प्रतीक कुमार। उपविजेता- गया- मृत्युंजय कुमार गुर्दा, केशव चौहान। अंडर-17 बालक वर्ग विजेता- गया- आयुष नारायण, नैतिक जैन। उपविजेता औरंगाबाद।अडर-19 बालक वर्ग- विजेता- गया- अर्पित कुमार, पवित्र गुप्ता। उपविजेता नवादा- तन्मय राज, ऋषु राज क्रिकेट और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में गया जिले के खिलाड़ियों की उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन, तकनीकी दक्षता एवं टीम भावना का परिणाम है। क्रिकेट में शानदार जीत और बैडमिंटन के दो आयु वर्गों में खिताबी सफलता से जिले की खेल प्रतिभाओं को नई पहचान मिली है। जिला खेल कार्यालय, गया की ओर से सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा खेल गतिविधियों से जुड़े सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

बीएलबीसी की बैठकमें सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने पर जोर

वजीरगंज (आससे)। वजीरगंज प्रखंड सभागार भवन में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने की। इसमें जिला मुख्यालय से लीड जिला प्रबंधक कैलाश कुमार, प्रखंड 20-सूत्री अध्यक्ष महेश सिंह तथा वजीरगंज क्षेत्र के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक और बैंक प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठकमें सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने तथा बैंकिंग सेवाओंको आम जनता के लिए सुलभ बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान विभिन्न बैंकों के कार्यों की समीक्षा भी की गई। स्कड कैलाश कुमार ने बैंक अधिकारियों को सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक लोगों को इनसे जोड़ने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।बैठक में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना . जन-धन खाते और अटल पेंशन योजनाके लक्ष्यों को पूरा करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही पीएम सूर्यघर योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना , जीविका स्वयं सहायता समूहों को ;ण उपलब्ध कराने और पेंशनधारकों के छच्ब् मैपिंग जैसे विषयों की समीक्षा की गई।कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड , प्रधानमंत्री आवास योजना में मैपिंग, पीएम विश्वकर्मा योजना तथा च्ळत से जुड़े मामलों के निपटारे पर भी चर्चा की गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

शिक्षक सीटों पर बंपर...

मतदान हुआ। दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 79 प्रतिशत और तिरहुत में 78.10 प्रतिशत वोट पड़े। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान 56.89 प्रतिशत रहा। चारों शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों का कुल अंतरिम मतदान प्रतिशत 74.55 रहा। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कोसी 52.51 प्रतिशत मतदान के साथ पहले स्थान पर रहा। तिरहुत में 42.15 प्रतिशत और दरभंगा में 42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में केवल 36.19 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। इन चारों क्षेत्रों का कुल अंतरिम मतदान प्रतिशत 43.87 रहा। इन चुनावों में चार स्नातक और चार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से कुल 150 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के 90 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के 60 उम्मीदवार शामिल हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में दरभंगा से सर्वाधिक 40 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। पटना से 18, तिरहुत से 17 और कोसी से 15 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में पटना और सारण से 18-18, दरभंगा से 13 और तिरहुत से 11 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। मतदान संपन्न होने के साथ ही सभी उम्मीदवारों का चुनावी भविष्य मतपेटियों में बंद हो गया। निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 4,92,594 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें 3,55,522 पुरुष, 1,37,038 महिला और 34 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल थे। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 40,253 मतदाता थे, जिनमें 30,677 पुरुष, 9,573 महिला और तीन तृतीय लिंग के मतदाता शामिल थे। मतदान के लिए स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में 474 मूल और 124 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस प्रकार इन क्षेत्रों में कुल 598 मतदान केंद्रों पर व्यवस्था की गई थी। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 335 मूल मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार, मतदान के दौरान नियंत्रण कक्ष में कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। कार्यालय के मुताबिक, इन शिकायतों का समय रहते निष्पादन कर दिया गया। विभाग ने मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न होने की जानकारी दी है।

विधान पार्षद चुनाव में छिटपुट...

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र तथा दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में छिटपुट घटना अर्थात पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में विधान पार्षद नीरज कुमार तथा अनुज सिंह समर्थक अनंत सिंह समर्थकों में भिड़ंत होने की सूचना मिली है। भिड़ंत में किसी अप्रिय घटना की सूचना मतदान के दौरान पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के कारण कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। वहीं मतदान के बाद दोनों प्रत्याशी को समर्थकों के बीच बयानबाजी शुरू हो गयी है। बड़ी घटना शिक्षक निर्वाचन में भाजपा प्रत्याशी नवल किशोर यादव व राजद प्रत्याशी व उनके समर्थकों के बीच भी झड़प होने की सूचना है।

एक वर्ष में 1.21 लाख करोड़ के...

डोभी में मैन्यूफैक्चरिंग सिटी के पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। १६७० एकड़ में बननेवाले बिहार इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग सिटी गया के वेब पोर्टल के साथ ही परियोजना का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। देश भर में १४ स्थानों पर इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग सिटी बनाने की योजना है। विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि इस परियोजना में विनिर्माण के लिए सभी आधुनिक सुविधायें एक जगह पर मिलेंगे। जिससे यह एक औद्योगिक शहर के तौर पर विकसित होगा।

यूएन में भारत ने पाक को...

इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार दफनाया था। उनके इस बयान के जरिए भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों के मुद्दे पर पाकिस्तान के रुख पर सवाल उठाए।

भारत ने जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की टिप्पणियों को भी खारिज किया। मंगलानंदन ने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर ध्यान देने के बजाय अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में हो रहे घटनाक्रम पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने रावलाकोट का उल्लेख करते हुए पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के क्षेत्रों की स्थिति पर सवाल उठाए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की आबादी घट रही है और उनके अधिकारों का लगातार उल्लंघन हो रहा है। अपने संबोधन के अंत में भाविका मंगलानंदन ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा, %%जो देश अपने ही अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता, उसे भारत को उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है।

भारत के इस बयान में आतंकवाद, धार्मिक स्वतंत्रता, अल्पसंख्यकों के अधिकारों और जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के रुख को चुनौती दी गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद के पीड़ितों के अधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा करते समय सभी देशों को अपने आचरण पर भी ध्यान देना चाहिए।

पीएम मोदी ने चिन्मय अमृत महोत्सव...

हूं। यह मेरे लिए बेहद भावुक कर देने वाला अनुभव था। मुझे यह अद्भुत अनुभव देने के लिए मैं चिन्मय मिशन के सभी सदस्यों का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं, 'मुझे आज भी याद है कि उनके साथ मेरी पिछली मुलाकात में हमने कितनी गंभीर चर्चा की थी। उस चर्चा का मुख्य विषय था – युवा शक्ति का निर्माण करना और उसके जरिए एक मजबूत और सक्षम भारत बनाना। उनसे मिलने के कुछ साल बाद, लोगों ने मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर दिया। तब से लेकर पिछले 25 वर्षों तक, मैंने सरकार के मुखिया के तौर पर अपनी पूरी क्षमता से देश की सेवा की है। इस पूरे सफर में गुरुदेव का आशीर्वाद मेरे साथ रहा है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, 'जब देश ने अपनी आजादी के 75 साल पूरे किए, तो मैंने सोचा कि हमें इस अवसर को न केवल 'विकसित भारत' के विजन को प्रेरित करने का एक मंच बनाना चाहिए, बल्कि भारत की उस भावना को भी जीवंत करना चाहिए जो अमर विचारों के साथ जीना जानती है, और हजारों वर्षों के अपने अनुभव के आधार पर, आने वाली पीढ़ियों के लिए पूरी मानवता की चिंता कर सकती है।' क्या है चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन?

बता दें कि 23 से 25 अक्तूबर 2026 तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत और विदेशों से 9,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। यह आयोजन 'चिन्मय मिशन' के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले समारोहों का समापन है। चिन्मय मिशन एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है, जिसकी स्थापना 1951 में स्वामी चिन्मयानंद ने की थी, ताकि वेदांत और भगवद गीता का ज्ञान सभी तक पहुंचाया जा सके। पिछले कुछ दशकों में, इस मिशन ने आध्यात्मिक शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, युवा सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा के क्षेत्रों में अपने कार्यों का विस्तार किया है।

खरगे ने मोदी सरकार से पूछे...

के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए, खरगे ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक की उन टिप्पणियों का जिक्र किया, जो अरुणाचल प्रदेश में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के साथ हुई झड़पों से जुड़ी थीं।

खरगे ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि अरुणाचल प्रदेश में पीएलए के साथ लगातार हो रहे टकराव की आईटीबीपी डीजी की ओर से पुष्टि बेहद चिंताजनक है। डोकलाम और गलवान के बाद, क्या कोई और गंभीर टकराव शुरू हो रहा है? अगस्त में तक्सिंग के पास चीनी घुसपैठ की खबरें सामने आई थीं। फिर भी, वाचा-दमाई में कोर कमांडर स्तर की बातचीत के 47 दिन बाद भी – जो कि कथित तौर पर यहां से सिर्फ 180 किमी दूर है – टकराव जारी है। क्या भारत की पेट्रोलिंग (गश्त) करने की पहुंच प्रभावित हुई है? उन्होंने जोर देकर कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और पूछा कि देश को इस बारे में अंधेरे में क्यों रखा जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे पर भी गहरी चिंता जताई और 2020 की गलवान घाटी झड़प के बाद सरकार के आर्थिक रुख पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गलवान में भारतीय सेना के 20 बहादुर जवानों की शहादत के बाद से, चीन से आयात में 102 फीसदी की भारी वृद्धि हुई है, जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 155 फीसदी बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया है। यहां तक कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मानती हैं कि चीन भारतीय निर्यात में बाधा डालता है। इसके बावजूद, सरकार चीनी निवेश पर लगी पाबंदियों में ढील दे रही है और चीन से जुड़ी पात्र कंपनियों को पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) का लाभ देने पर विचार कर रही है। क्या 'मेक इन इंडिया' अब 'इंपोर्ट फ्रॉम चाइना' (चीन से आयात) बन गया है?

राजनयिक मुलाकातों पर सवाल उठाते हुए, खरगे ने पूछा कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच हुई कई द्विपक्षीय वार्ताओं का ज़मीनी स्तर पर क्या नतीजा निकला है। खरगे ने पूछा कि मोदी और शी के बीच कम से कम 23 मुलाकातें और बातचीत हुईं, एनएसए अजीत डोभाल के साथ विशेष प्रतिनिधियों के 25 दौर की वार्ताएं हुईं, डब्लूएमसीसी की 36 बैठकें हुईं, और लगातार एससीओ और ब्रिक्स शिखर सम्मेलन हुए। इन मुलाकातों से क्या ठोस परिणाम निकले? क्या मई 2020 से पहले भारत को हासिल गश्त (पेट्रोलिंग) करने के अधिकार पूरी तरह बहाल हो गए हैं?

सशस्त्र बलों पर अपनी पार्टी का भरोसा जताते हुए, खरगे ने सरकार की राजनयिक कोशिशों पर तंज कसा और कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को केवल दिखावे के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।खरगे ने आगे कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा है। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जवाबदेही जरूरी है, न कि राजनयिक फोटो-ऑप्स (दिखावे की तस्वीरें) या 'हगप्लोमेसी' (गले मिलने वाली कूटनीति)! विपक्ष पर हमला करने के बजाय, प्रधानमंत्री मोदी को संसद और देश को विश्वास में लेना चाहिए।

चुनाव मुख्यालय की ओर...

सुनिश्चित करेंगे कि लोकतंत्र की यह भावना हमेशा जीवित रहे. न्यूज एजेंसी पीटीआई से प्रदर्शनकारी ने कहा है कि यह सिर्फ जंतर-मंतर वापस पाने की लड़ाई है. यह लोकतंत्र और देश बचाने की लड़ाई है.

इससे पहले पीपल अगेंस्ट एसआईआर ने एक वेबसाइट भी लॉन्च की है. इस पर अलग-अलग शहरों में होने वाले विरोध प्रदर्शनों के बारे में जानकारी दी गई है. इस ग्रुप के मुताबिक, 18 राज्यों के 88 शहरों में विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है. इसमें 145 संगठन शामिल हैं. इस अभियान के तहत ग्रुप 1 नवंबर तक कई कार्यक्रम आयोजित करेगा. इधर, प्रदर्शन को देखते हुए, दिल्ली पुलिसने मध्य दिल्ली में सुरक्षा कड़ी कर दी है. दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्सन फोर्स के जवानों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है.

ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं...

को रद्द करने की मांग कर रहे हैं. उनका कहना है कि एसआईआर की मदद से बीजेपी को आयोग जीत में मदद कर रहा है. पिछले दिनों पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम में विपक्षी दलों के आंदोलनों को लेकर बड़ा हमला किया था. उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि साल भर में हमारे श्रीहरिकोटा से उतनी लॉन्चिंग नहीं होतीं, जितनी एक साल में कांग्रेस के लोग अपने नेता को लॉन्च करने की विफल कोशिश कर लेते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज जब दुनिया में इतनी अव्यवस्था है, तो एक मजबूत भारत की तस्वीर दुनिया में जानी चाहिए. लेकिन ये लोग भारत की प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिलाने पर तुले हुए हैं. ये लोग विदेशों में जा-जाकर भारत को बदनाम करते हैं. विदेशियों से दखल की अर्जी लगाते हैं. पता नहीं कब तक कांग्रेस अपने फेल्ड प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी.

सीवान में पटाखा बनाते समय...

जांच के बाद ही मृतकों की वास्तविक संख्या स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे घर के अंदर रोजाना की तरह पटाखे बनाए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक आग लग गई और पटाखों में लगातार विस्फोट होने लगे। तेज धमाकों से पूरा गांव दहल उठा। घटना के बाद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। शुरुआत में किसी को धमाके की सही जगह का पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी मिली कि विस्फोट अमीरुद्दीन के मकान में हुआ है। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कुछ शव बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में बाहर जा गिरे। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। प्रशासन और बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे हैं।

11 साल में एक फूटी कौड़ी...

ने बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में एक गोलमेज चर्चा के दौरान जलवायु फंड का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 2015 में पेरिस जलवायु सम्मेलन के दौरान विकसित देशों ने विकासशील और कम विकसित देशों की मदद करने की प्रतिबद्धता जताई थी। इसके तहत हर साल 100 अरब डॉलर की जलवायु सहायता जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। गोयल के मुताबिक, इस वादे को किए 11 साल बीत चुके हैं, लेकिन विकासशील देशों को इसका लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि ये प्रतिबद्धताएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं। उन्होंने यूरोपीय संघ और उसके कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म को लेकर भी सवाल उठाए।पीयूष गोयल ने भारत और यूरोप के बीच आबादी तथा कार्बन उत्सर्जन के अंतर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की करीब 17त्न आबादी का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में उसका योगदान 3त्न से भी कम है। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन भारत की तुलना में काफी अधिक है। गोयल के मुताबिक, विकसित देशों ने दशकों तक औद्योगिक विकास से फायदा उठाया, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकासशील देशों को जरूरी आर्थिक और तकनीकी सहायता देने में पीछे हट रहे हैं।

गोयल ने कहा कि भारत के सामने 140 करोड़ से अधिक लोगों की ऊर्जा और भोजन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के साथ देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है। इन चुनौतियों के बावजूद भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकसित देशों से अपनी जिम्मेदारियां निभाने की जरूरत पर जोर दिया। उनका कहना था कि विकासशील देशों को उत्सर्जन घटाने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए पर्याप्त मदद मिलनी चाहिए। बर्लिन दौरे के दौरान पीयूष गोयल ने नॉफ ग्रुप के ग्लोबल जनरल पार्टनर मुरात अकयिल्दिज से भी मुलाकात की। इस बैठक में भारत में कंपनी के विनिर्माण विस्तार और टिकाऊ निर्माण सामग्री तथा बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

सरकारी स्कूलों में 6ठी कक्षा से...

इसका निर्माण कराया जाए। उन्होंने केन्द्र से मिली राशि का सदुपयोग करते हुए विद्यालयों की जरूरी आधारभूत सुविधाएं समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। शिक्षा मंत्री ने राज्य में पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हर प्रमंडल में गुरुकुलम विद्यापीठ का खाका तैयार करने का निर्देश दिया। इसकी शुरुआत बक्सर से की जा चुकी है। यहां पहले गुरुकुलम की स्थापना पर लगभग 70 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बजट पदाधिकारी को अन्य गुरुकुलम विद्यापीठ की विस्तृत योजना तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बार बजट में ज्यादा से ज्यादा नई योजनाओं को शामिल करें। उन्होंने कहा कि राज्य में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बंद पड़े राजकीय संस्कृत विद्यालयों को फिर से शुरू करने की तैयारी की जा रही है। पहले उन विद्यालयों का जीर्णोद्धार किया जाएगा, जिनके पास अपनी जमीन उपलब्ध है। साथ ही संस्कृत शिक्षा बोर्ड की तरह मदरसा बोर्ड के कार्यालय को भी जल्द नए भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने पीएमश्री योजना के तहत अब तक हुए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने विभिन्न जिलों में प्रस्तावित शिक्षा भवनों की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने से जुड़े विषयों की समीक्षा की गयी। श्री तिवारी ने बताया कि इस बार बिहार दिवस के अवसर पर बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य समारोह बापू सभागार में करने की योजना है। इस अवसर पर कवि डॉ. कुमार विश्वास को आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में विशेष सचिव धर्मेन्द्र कुमार, बिहार शिक्षा परियोजना के राज्य परियोजना निदेशक नवदीप शुक्ला, माध्यमिक शिक्षा निदेशक नितिन कुमार सिंह, टेक्स्ट बुक के निदेशक यतेंद्र कुमार पाल, प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक एवं निदेशक प्रशासन विजय कुमार पांडेय सहित सभी संबंधित अधिकारी शामिल थे।

वंदे मातरम को राष्ट्रगान के...

सम्मान दिया जाए। याचिकाकर्ता का तर्क है कि वंदे मातरम ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी, इसलिए इसे भी उचित सम्मान मिलना चाहिए। याचिका में संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद के 1950 में दिए गए बयान का हवाला भी दिया गया है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, जन गण मन में देश की राज्य व्यवस्था से जुड़े भाव व्यक्त होते हैं, जबकि वंदे मातरम देश के चरित्र और पहचान को दर्शाता है। इसी आधार पर दोनों को समान सम्मान देने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को निर्देश देने की मांग की है कि सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में हर कार्यदिवस पर जन गण मन और वंदे मातरम गाए या बजाए जाएं। याचिका में कहा गया है कि दोनों गीतों के सम्मान और प्रचार-प्रसार के लिए सरकार को राष्ट्रीय नीति बनानी चाहिए। याचिकाकर्ता का तर्क है कि देश की एकता बनाए रखने और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए ऐसी नीति जरूरी है।फिल्मों और पार्टियों में वंदे मातरम के इस्तेमाल पर क्या आपत्ति?

याचिका में दावा किया गया है कि वंदे मातरम के सम्मान को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश या नियम नहीं होने के कारण इसे कथित तौर पर 'असभ्य तरीके' से गाया जा रहा है और फिल्मों व पार्टियों में भी इसका इस्तेमाल हो रहा है। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि इस गीत का नाटकीय प्रदर्शन न हो और इसे मनोरंजन से जुड़े विविध कार्यक्रमों में शामिल न किया जाए। उनका कहना है कि जब भी यह गीत गाया या बजाया जाए, वहां मौजूद लोगों को इसका उचित सम्मान करना चाहिए। हालांकि, ये याचिकाकर्ता के तर्क और मांगें हैं; इन पर अदालत का फैसला आना बाकी है।

जनार्दन तिवारी हत्याकांड के पीड़ित परिजनों से मिले भाजपा नेता

डिहरी ऑन सोन (आससे)। करगहर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में जनार्दन तिवारी की हत्या के बाद पीड़ित परिवार से राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा मिलने वालों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जेपी आंदोलन के सिपाही प्रो. बलिराम मिश्रा ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया। उन्होंने घटना पर गहरा दुख जताते हुए परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रो. मिश्रा ने कहा कि हत्याकांड की निष्पक्ष और त्वरित जांच होनी चाहिए। घटना में शामिल दोषियों की पहचान कर उन्हें कानून के मुताबिक कठोर सजा दिलाई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घटना के बाद पीड़ित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२१
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।